# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 7

### ( सामाजिक और राजनीतिक जीवन )

### अध्याय 3: राज्य शासन कैसे काम करता है




To get notes visit our website

mukutclasses.in

# अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1: निर्वाचन क्षेत्र व प्रतिनिधि शब्दों का प्रयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए कि विधायक कौन होता है और उसका चुनाव किस प्रकार होता है?**
**उत्तर :** राज्य की जनता हर निर्वाचन क्षेत्र से एक प्रतिनिधि चुनती है जिसे विधायक कहते हैं। विधायक (एम एल ए) को विधानसभा का सदस्य भी कहा जाता है।
**विधायक का चुनाव-** विधायक का चुनाव जनता द्वारा किया जाता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से अनेक उम्मीदवार चुनाव लड़ते हैं। जो उम्मीदवार सबसे ज्यादा वोट प्राप्त करता है वह विधायक बन जाता है।

**प्रश्न 2: कुछ विधायक मंत्री कैसे बनते हैं? स्पष्ट कीजिए।**
**उत्तर:**
1. चुनाव के बाद जीतने वाली पार्टी सत्ताधारी दल कहलाती है।
2. सत्ताधारी दल के विधायक अपने नेता का चुनाव करते हैं जो मुख्यमंत्री बनता है।
3. इसके बाद मुख्यमंत्री कुछ विधायकों को मंत्री बना देता है।
4. राज्य का राज्यपाल मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है।

**प्रश्न 3: मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर विधानसभा में बहस क्यों होनी चाहिए?**
**उत्तर**: मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर विधानसभा में बहस होनी चाहिए क्योंकि:
1. सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों पर विधायक अपना सुझाव देते है।
2. विधायको द्वारा निर्णयों बदलाव का प्रस्ताव रखा जाता है।
3. ग़लत फैसलों का विरोध किया जाता है।
4. धन के दुरुपयोग पर बहस होती है।
5. मंत्रियों से विभिन्न मुद्दों पर प्रश्न पूछे जाते हैं।

**प्रश्न 4: पातालपुरम में क्या समस्या थी? निम्नलिखित के द्वारा इस विषय में क्या चर्चा या कार्य किए गए? निम्न तालिका में भरिए -**

MUKUTclasses

| | |
|---|---|
| **आम सभा** | |
| **विधानसभा** | |
| **प्रेसवार्ता** | |
| **मुख्यमंत्री** | |

**उत्तर**: पतालपुरम की निम्न समस्याएँ थी -
1. पानी की कमी के कारण नदी-नाले और तालाब सूख गए।
2. लोगों को तीन दिन में एक बार पानी की सप्लाई दी जाती थी।
3. मजबूरी में लोगों को गंदा पानी पीना पड़ा।
4. बहुत से लोग बीमार पड़ गए।
5. जिला चिकित्सालय मरीजों से भरा हुआ था तथा दस लोगों की जान जा चुकी थी।

| | |
|---|---|
| आम सभा | प्रभावित लोगों ने एक बैठक आयोजित की जिसमें उन्होंने सरकार के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने मांग उठाई कि इस स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को तुरंत कदम उठाने चाहिए और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कराई जानी चाहिए। |

| | |
|---|---|
| विधानसभा | इस विषय पर विधानसभा में बहस हुई। कुछ विधायकों ने स्वास्थ्य मंत्री को जरूरी कदम उठाने की अपील की। कुछ विधायकों ने अस्पतालों की दशा ख़राब होने का प्रश्न उठाया। |
| प्रेसवार्ता | विभिन्न समाचार पत्रों ने पातालपुरम मकी समस्याओं को छापा। बाद में स्वास्थ्य मंत्री ने एक प्रेसवार्ता आयोजित की जिसमें उन्होंने घोषणा की, उनकी सरकार ने सभी कलेक्टरों और मुख्य चिकित्सक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तुरंत कार्रवाई करें। |
| मुख्यमंत्री | मुख्यमंत्री ने पातालपुरम का दौरा किया। उन्होंने उन परिवारों से मुलाकात की जो अपने रिश्तेदारों को खो चुके थे। वे बीमार लोगों को देखने अस्पताल भी गए। उन्होंने इन परिवारों के लिए मुआवजे की घोषणा की। |

**प्रश्न 5:विधानसभा सदस्य द्वारा विधायिका में किए गए कार्यों और शासकीय विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बीच क्या अंतर है?**

**उत्तर**: विधानसभा सदस्य विभिन्न मुद्दों पर बहस या चर्चा करते हैं। वे संबंधित मंत्रियों पर काम करने का दबाव बनाते हैं। जबकि शासकीय विभाग उन मुद्दों और समस्याओं का समाधान करते हैं। वे इसके लिए उत्तरदायी होते हैं।

MUKUTclasses